प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वर्चुअली लखनऊ समेत देशभर के 47 स्थानों पर 51 हजार से अधिक नवनियुक्तों को प्रदान करेंगे नियुक्ति पत्र।
2. लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर आवासीय योजना के दूसरे चरण के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज से हुई शुरू : 332 भूखंडों के लिए 10 अगस्त तक किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन।
3. सावन माह के पहले दिन प्रदेशभर के शिवालयों में उमड़े भक्त : आज से शुरू हुई पवित्र कांवड़ यात्रा के लिये सुरक्षा और यातायात के किये गये खास प्रबंध, मुख्य कांवड़ मार्गों की हो रही रियल टाइम मॉनिटरिंग। और
4. राज्य में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 15 जुलाई तक वर्षा का येलो अलर्ट किया जारी।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये लखनऊ सहित देशभर के 47 स्थानों पर विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के 51 हजार से अधिक नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अवसर पर नियुक्त युवाओं को संबंधित भी करेंगे। इसी क्रम में

राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी शामिल हागे। नई भर्ती के लिए देशभर से चुने गए लोग गृहमंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय तथा डाक विभाग और अन्य विभागों और मंत्रालयों में तैनात किये जाएंगे। देशभर में रोजगार मेला के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं।

————————

लखनऊ विकास प्राधिकरण के अनंत नगर आवासीय योजना के दूसरे चरण में 332 भूखंडों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई । एल डी ए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के तहत 10 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। भूखंडों का आवंटन लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा। योजना के पहले चरण में अप्रैल–मई में 334 भूखंडों के लिए आवेदन मंगाए गए थे।

————————

भगवान शंकर को प्रिय पवित्र श्रावण माह की आज से शुरुआत हो गई। प्रदेश भर के शिवालयों में श्रद्धालुओं और भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सावन माह के पहले दिन गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में रुद्राभिषेक और हवन किया। उन्होंने भगवान शंकर से प्रदेश के नागरिकों के सुख–समृद्धि की

प्रार्थना की। लखनऊ, कानपुर, अयोध्या में सुबह से ही भक्त जलाभिषेक कर रहे हैं। लखीमपुर जनपद में छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां प्रशासन ने भक्तों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम में सावन माह के पहले दिन का प्रारम्भ भगवान विश्वनाथ की मंगला आरती से किया गया। मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिये समुचित प्रबंध किये गये हैं। बाइट....

*श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में जर्मन हैंगर की एंड टू एंड व्यवस्था, क्यू मैनेजमेंट की व्यवस्था, सभी तरह के प्रोटोकॉल स्थगित कर सभी भक्तों को सुबल दर्शन उपलब्ध कराने की सुरक्षित व्यवस्था के सारे प्रबंध किए गए हैं। गुड़ एवं पानी का वितरण किया जा रहा है। ओआरएस घोल एवं ग्लूकोज का वितरण किया जा रहा है। पाँच जगह पर हेल्थ डेस्क लगाई गई हैं। इसके अलावा हमारा आरोग्य केंद्र भी लगातार परिचालन किया जा रहा है। हमारी एक एस एम्बुलेंस और एक नॉर्मल एंबुलेंस दो एम्बुलेंस की सेवा भी उपलब्ध है।*

सावन माह के साथ ही पवित्र कांवड़ यात्रा की भी शुरुआत हा गई। सरकार ने कांवड़ियों के लिए जगह जगह रुट डायवर्जन किया है और खास सुविधाओं का इंतजाम किया है। विन्ध्याचल क्षेत्र के मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज से वाराणसी के बीच नेशनल हाइवे 19 पर एक लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दी गई है। उन्होंन बताया कि इस वर्ष कांवड़ियों को कांवड़िया शिविर,

मेडिकल जैसी कई सुविधाएं मुहैय्या कराई जा रही हैं। बाइट.....

*जगह जगह शिविर लगाये जायेंगे उनके लिए सानिज की व्यवस्था होगी। उनके लिए पानी पीने के लिए शिविरों में हम लोग व्यवस्था रखेंगे। इसके अलावा डॉक्टर की टीम जगह जगह जो हमारे पास रहेगी तो हम लोगों ने इसकी आकस्मिकता को लेकर तैयारी कर ली है। जिससे कि कहीं कोई असुविधा न हो और श्रद्धालु अपना इस उद्देश्य को लेकर के आ रहे हैं वो इसको पूरा करें और शंकर जी का जल चढ़ाएं और जलाभिषेक करें और अपने घर को अच्छे तरीके से दिए।*

वहीं पश्चिमो उत्तर प्रदेश में भी सावन माह के पहले दिन के साथ कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो गई। गाजियाबाद में करीब 10 हजार कावंड मित्र बनाये गये हैं। मेरठ के पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि कांवड़ मार्गों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। बाइट....

*जिलों में करीब बीस से अधिक ड्रोन है जिससे हम लोग निगरानी कर रहे हैं साथ ही साथ दस पॉइंट्स हमने चिन्हित किए है जो सेंसिटिव लोकेशंस है जहाँ पे हम लोग लगातार ड्रोन से निगरानी रखेंगे जैसे आरडीएस परतापुर में है बेगमपुल हापुर अड्डे और ऐसे और भी अन्य जगह है जहाँ पे हम लोग लगातार निगरानी रखेंगे। साथ ही साथ जो इसके विजुअल्स आएँगे उसको हम लोग एनालिसिस करने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं हम लोग और भी अन्य टेक्नोलॉजीज का इस्तेमाल कर रहे हैं।*

सावन माह में कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए डीजीपी मुख्यालय में मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया है। मुख्य कांवड़ मार्गों और प्रमुख स्थानों पर 29 हजार 454 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

हैं। इसके साथ ही 395 हाइटेक ड्रोन की मदद से डीजीपी मुख्यालय से सीधे मॉनीटरिंग की जा रही है।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

सावन माह में श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने तैयारी पूरी कर ली है। रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील वर्मा ने आज अयोध्या में सावन मेले की तैयारियों व ट्रेनों के संचालन को लेकर जिला प्रशासन के साथ बैठक की। श्री वर्मा ने बताया कि ट्रेनों के सुचारु रुप से संचालन को लेकर बैठक में चर्चा हुई। बाइट....

*आगे जो अयोध्या में विचार में आने वाले फंक्शन है जिसमें भीड़ के आने की संभावना रहती है तो उसके सिलसिले में भी हमने डिस्कशन किया है की उनको हम कैसे हैंडल करेंगे की ये तीर्थ क्षेत्र है और यहाँ पे समय समय पर फंक्शन होते रहते हैं और भीड़ के आने का उसी हिसाब से प्रोग्राम रहता है तो हम लोग उसकी एक तरीके से प्रिपरेटरी बैठक हमने की है ताकि इन चीजों को हम सूटेबली हैंडल कर सके और ट्रेनों का परिचालन भी स्मूथ वे में हो सके।*

———————

लखनऊ के रहने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्जिओम–4 मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों की वापसी यात्रा चौदह जुलाई से शुरू होगी। इस बात की पुष्टि अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी–नासा ने की है। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि वह लोग शुभांशु शुक्ला का खुले दिल, गर्मजोशी और बैंड–बाजे के साथ स्वागत करेंगे। बाइट....

*बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं, बहुत ज्यादा खुशी हो रही है कि कितनी जल्दी वो पल आए कि बच्चा हमारा वापस आए और हम लोग मिले उससे जाकर जैसे मिशन अच्छे से चला गया तो वैसे वापस आए, यहीं प्रार्थना भगवान से करते हैं।*

———————

भारतीय सेना की मध्य कमान ने लखनऊ में स्वचालित हिमस्खलन पीड़ित पहचान प्रणाली के अनुसंधान और विकास के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने कहा कि आईआईटी कानपुर के साथ यह सहयोग दुर्गम ऊंचाई वाले और हिमाच्छादित क्षेत्रों में हिमस्खलन पीड़ितों का पता लगाने और उन्हें बचाने के लिए एक उन्नत तंत्र प्रदान करने के लिये स्वदेशी तकनीक के विकास और उपयोग में एक मील का पत्थर है।

———————

प्रदेश में आज विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। लखनऊ के जनगणना कार्य निदेशालय में जनसांख्यिकी एवं नागरिक पंजीकरण प्रणाली विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक जनगणना शीतल वर्मा ने कहा कि 2027 की जनगणना के लिए केंद्र से अधिसूचना जारी हो चुकी है, जो मोबाइल ऐप के जरिए डिजिटल माध्यम से की जाएगी। वहीं अमरोहा में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय मां और बच्च के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गर्भावस्था के दौरान सही देखभाल है।

———————

प्रदेश के कई जनपदों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। कुछ जगहों पर भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में 15 जुलाई तक के लिए गरज चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)